-प्रेस नोट-

जनपद मुजफ्फरनगर

दिनांक 30.03.2025

- **<u>थाना ककरौली पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 30.03.2025 को थाना ककरौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री शिवचरण तोमर मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0- 34/2025 धारा 41/115(2)/352/351(2)/331(2) बीएनएस व 9एम/10 पोक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त अशोक पुत्र मांगेराम निवासी ग्राम व थाना ककरौली, मुजफ्फरनगर को ग्राम टण्डेढ़ा से गिरफ्तार किया गया।

- **<u>थाना पुरकाजी पुलिस द्वारा 01 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 30.03.2025 को थाना पुरकाजी पर नियुक्त उ0नि0 श्री रामसमुझ राणा मय हमराहीगण द्वारा 01 शातिर अभियुक्त हनीफ उर्फ भूरा पुत्र हबीब खान निवासी नूर मस्जिद के पास थाना खालापार, मुजफ्फरनगर को कस्बा पुरकाजी ईदगाह मजार के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 124 सिक्के (पीली धातु) बरामद किये गये। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना पुरकाजी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 54/2025 धारा 318 (4)/318(2)/351(2) बीएनस पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **<u>थाना चरथावल पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 30.03.2025 को थाना चरथावल पर नियुक्त उ0नि0 श्री अमित कुमार मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0- 59/2025 धारा 64(2)(ट)/62/331(5) बीएनएस में वांछित अभियुक्त बिजेन्द्र पुत्र बीरपाल उर्फ जीतू निवासी ग्राम कसौली थाना चरथावल, मुजफ्फरनगर को ग्राम दहचन्द-कुटेसरा मार्ग से गिरफ्तार किया गया।

- **<u>थाना शाहपुर पुलिस द्वारा 01 शातिर अवैध शराब तस्कर अभियुक्त गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 30.03.2025 को थाना शाहपुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री सेंसरपाल सिंह मय हमराहीगण द्वारा 01 शातिर अभियुक्त सतीश पुत्र सत्यपाल निवासी ग्राम काकड़ा थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर को ग्राम गढ़ी बहादुरपुर मार्ग से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 45 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद की गयी। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना शाहपुर पुलिस द्वारा

मु0अ0सं0- 85/2025 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा 06 अभियुक्तगण गिरफ्तार-**

दिनांक 30.03.2025 को थाना नई मण्डी पर नियुक्त उ0नि0 श्री संजय सिंह मय हमराहीगण द्वारा वाहन चोरी (पिकअप) के अभियोग 135/2025 धारा 303(2) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए 06 शातिर अभियुक्तगण 1. नबिया पुत्र हकमुद्दीन निवासी ग्राम पूठखास थाना रोहटा, जनपद मेरठ। 2. इस्तकार पुत्र फाकत निवासी ग्राम पूठखास थाना रोहटा, जनपद मेरठ। 3. शाहिद पुत्र इमामुद्दीन निवासी ग्राम पूठखास थाना रोहटा, जनपद मेरठ। 4. अब्दुल रहमान उर्फ बिल्ला पुत्र फहीम निवासी सोतीगंज, पुलिस चौकी वाली गली थाना सदर बाजार, मेरठ। 5. सुहेल राज पुत्र आरिफ निवासी जली कोठी थाना देहली गेट, मेरठ। 6. इलमास पुत्र इकराम निवासी पुरबा अहमदनगर जली कोठी, थाना देहली गेट, मेरठ को वाल्मिकी मोहल्ला कूकड़ा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 02 मोटरसाइकिल व 1,60,000/- रूपये नगद बरामद किये गये।

- **थाना कोतवाली नगर व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा जाली करेंसी नोट छापने वाले 06 शातिर अभियुक्तगण गिरफ्तार-**

दिनांक 30.03.2025 को थानाध्यक्ष कोतवाली नगर श्री अक्षय शर्मा तथा एसओजी प्रभारी श्री जोगेन्द्र सिंह मय हमराहीगण द्वारा न्याजूपुरा कब्रिस्तान के पास 01 मकान से जाली भारतीय करेंसी नोट छापने वाले 06 शातिर अभियुक्तण 1. गुड्डु पुत्र पवन निवासी ग्राम भमौरी थाना सरधना, मेरठ। 2. फारूख उर्फ सितारा पुत्र तरीकत निवासी मैना पुट्ठी थाना सरूरपुर, मेरठ। 3. रितेश उर्फ विपिन पुत्र सेवाराम निवासी मोहकमपुर थाना टीपीनगर, मेरठ। 4. सुगनु उर्फ आकाश पुत्र सतीश निवासी ग्राम भपारसी थाना सरधना, मेरठ। 5. अंकित पुत्र सेवाराम निवासी ग्राम भमौरी थाना सरधना, मेरठ। 6. निखिल पुत्र अनील कुमार निवासी मोहकमपुर थाना टीपीनगर, मेरठ को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 05 लाख तीस हजार जाली करेंसी नोट, 01 प्रिन्टर, 01 लेपटॉप, नकली नोट छापने के उपकरण (01 वाटर मार्क फ्रेम, 01 वाटर मार्क (गांधी जी), 01 हीटिंग स्टाम्प मशीन, 01 लेमिनेटिंग मशीन, 05 इंक (विभिन्न प्रकार की), 01 सैंसोडाइजर इंक, 01 बटर पेपर, 01 नीली टेप, 01 डिमोटिंग पाउडर, 01 प्रेस वाइपर, 01 सोना कोट पाउडर, नकली नोट प्रिंटिग पेपर, 01 जेके बॉन्ड खाली पेपर,01 मखमली सफेद कपड़ा आदि), 01 बुलेट मोटरसाइकिल यूपी 15 ई.एन. 2786 तथा 05 मोबाइल फोन बरामद किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी

व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 96/2025 धारा 180/181/182/111 बीएनएस पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।